## सुविचार



प्रकृति अपरिमित ज्ञान का भंडार है, पत्ते-पत्ते में शिक्षापूर्ण पाठ हैं, परंतु उससे लाभ उठाने के लिए अनुभव आवश्यक है। - हरिऔध

**बरेली के प्रमुख समाचार**

- मुठभेड़ : गोकशी में दो आरोपी गिरफ्तार, एक घायल-II
- बजट में व्यापारी हित में कई घोषणाएं : डॉ. अरुण-III
- यूपी बोर्ड : जिले में 92 हजार छात्र 130 केंद्रों पर देंगे परीक्षा -IV

# रोशनी में नहाये द्वार, फूलों से महके चौराहे, नंदी-नटराज भव्य शोभायमान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- झुमका तिराहे को फूलों से सुसज्जित किया गया
- नंदी पार्क में स्थापित हुई नंदी महाराज की प्रतिमा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप नाथ नगरी में महाशिवरात्रि को भव्य और दिव्य बनाने के लिए बरेली विकास प्राधिकरण ने कलरफुल फूलों, डिजिटल लाइटिंग की तैयारी की है। उपाध्यक्ष डॉ. ए मणिकंडन ए के निर्देश पर महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर नाथनगरी शिवत्व के श्रृंगार से सजी नजर आई।

शहर का हर द्वार, चौराहा और हर डिवाइडर भक्तिभाव से आलोकित नजर आ रहा है। रविवार को महाशिवरात्रि है। झुमका तिराहे पर नंदी महाराज की प्रतिमा स्थापित की गई है। नंदी पार्क को सजाया और संवारा जा रहा है। लखनऊ रोड पर भव्य नटराज शोभायमान हैं। भव्य द्वार को भी फूलों से सुसज्जित किया है। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ ए.मणिकन्डन ने बताया कि महाशिवरात्रि के पर्व को दिव्य तरीके से मनाया जा रहा है। नाथ नगरी को धार्मिक परंपराओं और संस्कृति के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिव के प्रतीकों के माध्यम से सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रवेश द्वारों पर विशाल प्रतिमाएं, विशेष लाइटिंग, लैंडस्केपिंग और थीम आधारित फ्लावर डेकोरेशन का कार्य कराया गया है। अगले एक सप्ताह में झुमका भी स्थापित किया जाएगा। नंदी पार्क का लोकार्पण मुख्यमंत्री करेंगे। इसके बाद ही अंदर जाने की अनुमति होगी। अभी बाहर से ही दर्शन कर सकेंगे।



महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर अवेद्यनाथ द्वार रंग बिरंगी रोशनी से जगमग नजर आया। ● अमृत विचार

### मंदिरों में भी डिजिटल आभा हर ओर शिवधुन

प्रमुख नाथ शिव मंदिर भी फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाए गए हैं। पारंपरिक पुष्पमालाएं हैं तो कहीं भव्य डिजिटल लाइटों से सजे शिखर। संध्या होते ही मंदिरों के आसपास डमरू की थाप और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण गुंजायमान होने लगेगा।



नंदी प्रतिमा स्थल के आसपास भी की गई भव्य सजावट। ● अमृत विचार

### दिल्ली मार्ग से आएंगे तो नंदी, लखनऊ से आएंगे तो नटराज का भव्य स्वागत

दिल्ली की ओर से शहर में प्रवेश करने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत झुमका तिराहे पर स्थापित विशाल नंदी प्रतिमा करेगी। यहां आकर्षक लाइटिंग और विशेष सेल्फी प्वांइट तैयार किया है। बीडीए की ओर से विकसित इस द्वार को अवेद्यनाथ द्वार का स्वरूप दिया है, जो शहर की आध्यात्मिक पहचान को नया आयाम देगा। वहीं, लखनऊ की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं को रजऊ तिराहे पर भगवान नटराज और त्रिशूल के दर्शन होंगे। रंग-बिरंगी एलईडी लाइट, सजे हुए डिवाइडर और पौधरोपण से यह चौराहा दर्शनीय स्थल बन चुका है।

### फूलों से सजे चौराहे, तीन दिन विशेष श्रृंगार

शहर के प्रमुख चौराहों, सराफा बाजार से लेकर किला-कुतुबखाना तक गेंदे और गुलाब की मालाओं से सजावट पूरी कर ली गई है। 14 से 16 फरवरी तक विशेष पुष्प श्रृंगार रहेगा। अलग-अलग सेक्टरों में सड़कों को थीम आधारित सजाया है। कहीं शिवलिंग और डमरू की फ्लावर आर्ट तो कहीं त्रिशूल, चंद्रमा और सर्प की आकृतियां आकर्षण का केंद्र हैं।



## सिटी ब्रीफ

### बरेली-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस में एलएचबी कोच शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** रेलवे ने यात्रियों के लिए सफर को और सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। शनिवार से बरेली-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस में एलएचबी ( लिंक हॉफमैन बुश) कोचों का परिचालन शुरू हुआ, जिसे स्टेशन पर अधिकारियों ने झंडी दिखाकर रवाना किया। अधिकारियों ने बताया कि एलएचबी कोच पारंपरिक आईसीएफ कोचों की तुलना में ज्यादा सुरक्षित माने जाते हैं, क्योंकि दुर्घटना की स्थिति में डिब्बे एक-दूसरे पर नहीं चढ़ते और इसमें एंटी-टेलीस्कोपिक तकनीक लगी होती है। डिस्क ब्रेक सिस्टम से ट्रेन तेज रफ्तार में भी कम दूरी में रोकी जा सकती है। ये कोच लंबे होने के कारण अधिक सीटें देते हैं और बेहतर सस्पेंशन सिस्टम से यात्रा अरामदायक होती है।

### श्री महाकालेश्वर नाथ मंदिर से आज निकलेगी शिव बरात

**बरेली, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के मौके पर श्री महाकालेश्वर नाथ मंदिर से रविवार को शिव बरात धूमधाम से निकलेगी। पीलीभीत रोड, छोटी बिहार के पास श्री महाकालेश्वर नाथ मंदिर से आठवीं बार शिव बरात निकाले जाने के साथ रात्रि महोत्सव और विशाल भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर कमेटी के सचिव मूलचंद्र मौर्य के अनुसार शिव बरात दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी।

### एमकॉम की प्रायोगिक परीक्षाएं 20 को

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के वाणिज्य विभाग में एमकॉम तृतीय सेमेस्टर एवं एमकॉम प्रथम सेमेस्टर बैक के छात्र-छात्राओं की रिसर्च प्रोजेक्ट, सर्वे, इंडस्ट्रियल विजिट, वाइवा तथा इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग, प्रोजेक्ट की परीक्षा 20 फरवरी को सुबह 9 बजे से आयोजित होगी। विभाग प्रभारी प्रो. भूपेंद्र सिंह ने सभी संबंधित छात्र-छात्राओं को समय से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र और कॉलेज आईडी कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। वहीं, एमकॉम प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की पेपर प्रेजेंटेशन एवं मौखिकी परीक्षा 21 दिसंबर को विभाग में आयोजित की जाएगी।

### शहर में आज

- सांसद छत्रपाल गंगवार और विधायक संजीव अग्रवाल श्री धोपेश्वर नाथ चौक का उद्घाटन सदर बाजार कैंट में शाम 5 :00 बजे करेंगे।
- एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 51 वें स्थापना दिवस पर कैंपस में रक्तदान शिविर सुबह 10 :00 बजे।
- शिव बरात एवं भंडारे का आयोजन श्री महाकालेश्वर नाथ मंदिर छोटी बिहार पीलीभीत रोड पर दोपहर 12 :00 बजे।
- धोपेश्वर नाथ मंदिर में दीपदान शाम 6 :00 बजे।
- आलमगिरीगंज स्थित बरगद वाला मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन शाम 7 :00 बजे।

# शिवालयों में भव्य सजावट, पुलिस व पीएसी तैनात

## मध्यरात्रि के बाद तीन बजे से सभी शिवालयों के खुलेंगे कपाट, शनिवार दोपहर तक साफ-सफाई के बाद शाम को सजे मंदिर

महाशिवरात्रि

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के मद्देनजर शहर के प्रमुख सातों नाथ मंदिरों की भव्य सजावट की गई है। शनिवार दोपहर से ही मंदिरों के मुख्य मार्गों की साफ-सफाई की गई। वहीं, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पीएसी समेत सभी थानों की पुलिस फोर्स के साथ 50 अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। जो शरारती तत्वों पर नजर रखने के साथ सुरक्षा की कमान संभालेंगे। महिलाओं की भीड़ बढ़ने की आशंका को देखते हुए महिला कांस्टेबलों की भी ड्यूटी लगाई गई है।

डमरू की गूंज और हर-हर महादेव का उद्घोष सुनाई देने लगे, तो समझ लीजिए कि नाथ नगरी अपने आराध्य के सबसे बड़े पर्व के स्वागत के लिए तैयार है। महाशिवरात्रि के लिए इस बार भी शिव मंदिरों को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। प्रशासन और मंदिर समितियों ने सुरक्षा व सुगमता के विशेष इंतजाम किए हैं। कहीं, मंदिरों को भव्य डिजिटल लाइटों से सजाया गया है। वहीं, सभी मंदिरों में जलाभिषेक के लिए लंबी कतारों को व्यवस्थित करने के लिए बैरिकेडिंग का काम किया गया है। महाशिवरात्रि के मद्देनजर जनपद के मंदिरों पर भारी पुलिस फोर्स तैनात रहेगी।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि एक कंपनी पीएसी, एक प्लाटून, शहर के सभी थानों की पुलिस फोर्स समेत 50 अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को लगाया गया है, जो मंदिर परिसर से लेकर बाहर तक सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए श्रद्धालुओं की मदद करेंगे। धोपेश्वर नाथ मंदिर, बनखंडी नाथ मंदिर, पशुपति नाथ मंदिर, अलखनाथ मंदिर, त्रिवटीनाथ मंदिर, तपेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालु जल चढ़ाएंगे। थाना प्रभारियों को लगातार क्षेत्र में गश्त करते रहने के निर्देश दिए गए हैं।

**क्या है मंदिरों की विशेषता :** बाबा अलखनाथ मंदिर एक ह जार वर्ष पुराना शहर के प्राचीन मंदिरों में शामिल है। यहां पर पहले घना वन हुआ करता था। यहीं पर संत अलखिया तपस्या कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें पेड़ के नीचे शिवलिंग का पता चला था। खोदाई करने पर वहां स्वयंभू शिवलिंग निकला, जिसे वहां स्थापित किया गया। त्रिवटीनाथ मंदिर का इतिहास 550 वर्ष पुराना है। यहां स्वयंभू शिवलिंग स्थापित है। मान्यता है कि एक चरवाहा तीन वट वृक्षों के नीचे आराम कर रहा था। तब सपने में उसे शिवलिंग की जानकारी हुई। कैंट स्थित धोपेश्वरनाथ मंदिर महाभारत कालीन है। मान्यता है कि अत्रि ऋषि के शिष्य धूम्र की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव प्रकट हुए और ऋषि की इच्छा अनुसार यहां पर शिवलिंग के रूप में प्रतिष्ठित हो गए। सुभाषनगर स्थित तपेश्वरनाथ मंदिर करीब 500 वर्ष पुराना है। यहां बाबा भालू दास नाम के संत ने कठिन तपस्या की, जिससे भगवान ने प्रसन्न होकर उन्हें दर्शन दिए। इसके बाद यहां पर शिवलिंग की स्थापना की गई। इसी तरह से सभी मंदिरों की अलग-अलग विशेषता है।



महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर धोपेश्वर नाथ मंदिर रंग-बिरंगी रोशनी से जगगम दिखा। ● अमृत विचार



अलखनाथ मंदिर गेट पर की गई सजावट। ● अमृत विचार



मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था को परखने निकले पुलिस-प्रशासिनक अफसर।



त्रिवटी नाथ मंदिर में भव्य सजावट की गई। ● अमृत विचार

### शहर के प्रमुख मंदिरों का भ्रमण कर तैयारियों का किया निरीक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के दृष्टिगत शहर के प्रमुख मंदिरों का एसपी सिटी मानुष पारीक और एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने संयुक्त रूप से भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मंदिर परिसरों व आसपास की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

### जलाभिषेक समिति करेगी सप्तनाथ परिक्रमा

**बरेली, अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर्व पर नाथ नगरी बरेली जलाभिषेक समिति सातों नाथ मंदिरों की परिक्रमा करेगी। शनिवार की सुबह 10 बजे शिविर कार्यालय सेठ गिरधारी लाल मंदिर श्यामगंज पर बैठक की गई। बताया गया कि शिवभक्त बड़े जत्थे के रूप में नाथ नगरी परिक्रमा कर सामूहिक जलाभिषेक करेंगे।

जलाभिषेक समिति के मीडिया प्रभारी मनोज देवल ने बताया कि रविवार को सातों नाथ मंदिर बाबा वनखण्डी नाथ, बाबा पशुपति नाथ, बाबा धोपेश्वर नाथ, बाबा तपेशवर नाथ, बाबा मढ़ीनाथ, बाबा अलखनाथ, बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर पर परिक्रमा कर पृथक-पृथक जलाभिषेक करेंगे। जलाभिषेक यात्रा दोपहर 12 बजे सेठ गिरधारी लाल मंदिर से प्रारम्भ होगी। सिंहासन पर महाकाल विराजमान रहेंगे। यात्रा का संचालन कपिल गुप्ता, धर्मेश अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, पंकज देवल सभालेंगे। जलाभिषेक शोभा यात्रा सेठ गिरधारी लाल मंदिर श्यामगंज से प्रारंभ होकर गंगापुर, स्टेडियम रोड संजय नगर, दुर्गा नगर होते हुए वनखण्डीनाथ मंदिर से पशुपतिनाथ पहुंचेगी। वहां से सैटेलाइट, खुर्रम गौटिया, वीआई बजार, सदर बाजार, धोपेश्वर नाथ मंदिर होते हुए सुभाष नगर से तपेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करेगी। वहां से सिटी स्टेशन होते हुए मढ़ीनाथ, अलखनाथ से बड़ा बाजार, कोहाड़ापीर होते हुए बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में जलाभिषेक के बाद शोभायात्रा का विश्राम होगा। रात्रि 8 बजे बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर पर महाआरती होगी। ब्रजवासी लाल अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, मनोज देवल, अनूप अग्रवाल, कपिल गुप्ता, धर्मेश अग्रवाल, पंकज देवल, रोहित अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, तीरथराम रितेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

कवायद ठंडी

**आईएमए अस्पताल संचालित करने के लिए तैयार, प्रशासन को दी जा चुकी है फाइल**

# तीन सौ बेड अस्पताल को पीपीपी मॉडल पर चलाने की कोशिशें अधर में

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- छह माह पहले प्रशासन ने की थी बातचीत, फिर नहीं किया संपर्क
- अभी अस्पताल में सिर्फ ओपीडी का हो रहा है संचालन

**अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल को पीपीपी मॉडल पर संचालित करने की कोशिशें परवान चढ़ती नजर नहीं आ रही हैं। दरअसल, आईएमए ने अस्पताल को पीपीपी मॉडल पर चलाने के लिए प्रशासन के साथ बैठक की, जिम्मेदारों को अस्पताल चलाने का पूरा प्लान भी समझाया, लेकिन छह माह बीत जाने के बाद भी प्रशासन ने आईएमए को इस संबंध में कोई जवाब नहीं दिया है।

आईएमए की ओर से फाइल प्रशासन को दी जा चुकी है। आईएमए अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने मंथन के बाद तीन सौ बेड अस्पताल को पीपीपी मॉडल पर चलाने के लिए प्रशासन से छह माह पहले बातचीत की थी। उस वक्त अस्पताल को चलाने के लिए गर्मजोशी के साथ प्रशासन ने आईएमए से वार्ता की। आईएमए ने प्रशासन को अपना प्लान बताया और वह हर तरीके से अस्पताल को चलाने के लिए तैयार हो गए। एक रुपये के पर्चे से लेकर फ्री इलाज के बदले उन्होंने अपनी शर्तों को रखा। इसके बाद तय हुआ कि जल्द ही इस पर बातचीत कर बीच का रास्ता निकालकर अस्पताल को पीपीपी मॉडल पर चलाया जाएगा। इस बात को लगभग छह माह बीत चुके हैं, लेकिन अब तक प्रशासन ने आईएमए के साथ दूसरी बैठक करने के लिए संपर्क नहीं किया।



### आईएमए के पास है मैन पावर

किसी भी सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल को चलाने के लिए उपकरणों के साथ अनुभवी मैन पावर की जरूरत होती है। आईएमए के पास वो मैन पावर है। उनके पास टेक्निकल से लेकर बड़ी सर्जरी करने तक के अनुभवी डाक्टर हैं, अगर तीन सौ बेड अस्पताल सुपर स्पेशलिस्ट बन जाता है तो जिले में मरीजों को अच्छा उपचार कम रुपयों में मिल सकता है।

### लगभग 70 करोड़ की लागत से बना अस्पताल

तीन सौ बेड अस्पताल के निर्माण में लगभग 70 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। अस्पताल का निर्माण 2013 में शुरू हुआ था। इसी बीच कोविड आ गया। जिसके बाद इसे कोविड अस्पताल बना दिया गया। 2022 में इसे स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर किया गया था। अब यहां पर जिला अस्पताल के डाक्टर ओपीडी चलाते हैं।



हमारे और प्रशासन के बीच लगभग छह माह पहले पीपीपी मॉडल पर तीन सौ बेड अस्पताल चलाने को लेकर बैठक हुई थी। अपने अपने सुझाव प्रशासन को दिए थे, लेकिन उसके बाद उन्होंने अस्पताल को चलाने के लिए हमसे संपर्क नहीं किया। यदि वह आईएमए से पीपीपी मॉडल में अस्पताल चलवाना चाहते हैं तो हम आज भी तैयार हैं।

-डॉ. अतुल श्रीवास्तव, अध्यक्ष आईएमए

तीन सौ बेड अस्पताल को पीपीपी मोड पर संचालित करने के संबंध में फाइल शासन को भेजा जा चुकी है। अब शासन स्तर का मामला है, शासन से ही अनुमति दी जा सकती है।

-डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ

# 17 व 18 को बदल सकता है मौसम, बूंदाबांदी के आसार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दिन में तेज धूप निकलने से लोगों को ठंड से मिल रही राहत

**अमृत विचार :** जिले में लगातार निकल रही तेज धूप से ठंड के असर कम होने के साथ लोगों को राहत मिली है। आगामी 2-3 दिनों कोई सक्रिय मौसम तंत्र न होने से तापमान में करीब 2 डिग्री सेल्सियस तक क्रमिक बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार के अनुसार 17-18 फरवरी को सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादलों की आवाजाही बढ़ेगी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों सहित बरेली में भी छिटपुट बूंदाबांदी हो सकती है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस तक और वृद्धि के आसार हैं, जबकि अधिकतम तापमान में विशेष बदलाव की संभावना नहीं जताई गई है। मौसम विशेषज्ञों ने लोगों को बदलते मौसम को देखते हुए सतर्क रहने की सलाह दी।

शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## सिटी ब्रीफ

### युवक लापता, परिजनों को अनहोनी की आशंका

**बरेली, अमृत विचार** : बारादरी थाना क्षेत्र की गुलाबबाड़ी रोड निवासी प्रीति ने बताया कि उनका 18 वर्षीय बेटा अभिषेक 10 फरवरी की शाम अचानक घर से बाहर गया और वापस नहीं लौटा। रोजाना की तरह जब वह कुछ देर बाद वापस नहीं लौटा तो परिवार ने आसपास के पड़ोसियों और दोस्तों से जानकारी जुटाने की कोशिश की लेकिन देर रात तक उसका कोई सुराग नहीं मिला। प्रीति ने अनहोनी की आशंका जताते हुए बारादरी थाने में बेटे की गुमशुदगी की तहरीर दी। परिवार और रिश्तेदार अभिषेक के सुरक्षित लौटने की दुआ कर रहे हैं।

### कूड़ा ठेले के विवाद में मारपीट, दो घायल

**बरेली, अमृत विचार** : प्रेमनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह कूड़े के ठेले के विवाद में हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गए। प्रेमनगर निवासी निवासी विक्की और हजियापुर निवासी विशाल के बीच सुबह करीब आठ बजे शाहबाद मोहल्ले में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों ने एक-दूसरे पर डंडे से हमला करने लगे। जिसमें दोनों घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया। घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां उनका इलाज चल रहा है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है।

### नाबालिग को बहलाकर ले गया युवक

**बरेली, अमृत विचार** : नवाबगंज थाना क्षेत्र में एक किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि ग्राम सिजौलिया का दीपक उनके घर आता-जाता था। उसने किशोरी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और शुक्रवार सुबह उसे घर से भगा ले गया। घर में छानबीन करने पर 25 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवरात भी गायब पाए गए। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी, जिसके आधार पर थाना नवाबगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपी मोबाइल के जरिए अक्सर किशोरी से बात करता था।

### रजिस्ट्री दफ्तर रोड के क्वार्टरों में बोतलबंद पानी पर निर्भर हैं लोग, पाइप लाइन से गंदा पानी आ रहा

# इंदौर जैसी भूल, यहां सरकारी क्वार्टरों में दोहराई जा रही

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- शिकायत पर पहुंचे कर्मियों ने क्लोरीन ज्यादा डालने व लाइन क्षतिग्रस्त होने का बनाया बहाना
- शाम तक पानी गंदा ही आता रहा जिम्मेदारों की अनदेखी पर लोगों में गुस्सा

**अमृत विचार** : मध्य प्रदेश के इंदौर में पिछले महीने दूषित पानी पीने की वजह से दर्जनों लोगों की मौत हुई थी। इसे त्रासदी को याद कर एक बार फिर रजिस्ट्री दफ्तर रोड के सरकारी क्वार्टरों में रहने वाले लोग सहमे हुए हैं। यहां करीब 100 सरकारी क्वार्टरों में टंकी में आने वाला गंदा पानी उनकी जान के लिए सीधा खतरा बन गया है। लोगों का कहना है कि शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद हालात में कोई सुधार नहीं हुआ। मजबूरी में लोगों ने पैसे खर्च कर बोतलबंद पानी मंगवाना शुरू कर दिया।



टंकियों से कुछ इस तरह आ रहा गंदा पानी। ● अमृत विचार

सरकारी क्वार्टरों में रहने वाले प्रेमराज, राकेश, नीलम, संजय वर्मा, एसपी सिंह के घरों में शनिवार सुबह पेयजल लाइन में गंदा पानी आया। प्रेमराज ने बताया कि सुबह जलकल विभाग के सहायक अभियंता अजीत सिंह को कॉल कर गंदा पानी आने की शिकायत की। दो कर्मचारी आए और बोले कि क्लोरीन ज्यादा डालने की वजह से समस्या हुई होगी। दो घंटे बाद भी पानी साफ नहीं हुआ और जब सहायक अभियंता से दोबारा संपर्क किया गया तो बहाना मिला कि पानी की आपूर्ति लाइन क्षतिग्रस्त हो सकती है। शाम तक पानी साफ नहीं हुआ। उनका कहना है कि इंदौर की घटना से सबक लेने की बजाय, यहां वही गलती फिर दोहराई जा रही है। इस संबंध में जलकल विभाग के जीएम मनोज कुमार और सहायक अभियंता अजीत कुमार से उनका पक्ष जानने के लिए कई बार फोन कर संपर्क करने की कोशिश की, मगर बात नहीं हो सकी।

# शादी और निवेश का झांसा देकर युवक से 13 लाख ठगे

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- मैट्रिमोनियल साइट से शुरू हुआ प्यार ठगी में बदला
- मलूकपुर निवासी पीड़ित ने दर्ज कराया मुकदमा

**अमृत विचार** : फाइनेंस कंपनी में कार्यरत युवक शादी के झांसे में आकर 13 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी का शिकार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

मलूकपुर निवासी अमित कुमार ने बताया कि 26 सितंबर 2025 को शादी डॉट कॉम पर आंचल शर्मा नाम से एक रिक्वेस्ट प्राप्त हुई थी। इसके बाद वाट्सएप के जरिए दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई। महिला ने खुद को मुंबई निवासी टेक्सटाइल कंपनी और ज्वेलर्स शॉप की संचालक बताया और जल्द शादी का भरोसा भी दिलाया। कुछ दिनों बाद महिला ने युवक को एक इन्वेस्टमेंट ग्रुप से जोड़ दिया, जहां शेयर मार्केट में अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। पीड़ित के अनुसार 13 अक्टूबर 2025 से 25 जनवरी 2026 के बीच अलग-अलग बैंक खातों में करीब 13 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। जब ठगी का शक हुआ तो साइबर ठगों ने फोन उठाना बंद कर दिया।

# मुठभेड़ : गोकशी में दो आरोपी गिरफ्तार, एक घायल

### सूचना पर पुलिस टीम ने भोजीपुरा के ग्राम सिंघाई के जंगल में की घेराबंदी, बदमाशों की फायरिंग में पुलिसकर्मी बाल-बाल बचा

**कार्यालय संवाददाता, भोजीपुरा/ बरेली**

- मौके से तमंचा और गोकशी के औजार बरामद
- पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी

**अमृत विचार** : भोजीपुरा के ग्राम सिघांई कायस्थान के जंगल में शनिवार तड़के पुलिस और गोकशी के आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि एक सिपाही के बाजू को छूते हुए गोली निकल गई। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य आरोपी फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

भोजीपुरा थाना प्रभारी राजीव कुमार पुलिस टीम के साथ शनिवार तड़के क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि ग्राम सिघांई कायस्थान के जंगल में कुछ लोग प्रतिबंधित पशु के वध की तैयारी में हैं। पुलिस टीम तत्काल जंगल की ओर रवाना हुई और चारों ओर से इलाके को घेर लिया। जैसे ही पुलिस टीम ने आगे बढ़कर ललकारा तो बदमाशों ने खुद को घिरता देख फायरिंग शुरू कर दी।



मुठभेड़ में घायल तस्कार को ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की। जिसमें भोजीपुरा के मोलागढ़ निवासी आरोपी राजू के बाएं पैर में गोली लगी, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा। वहीं एक गोली कांस्टेबल रिंकू के बाजू को छूते हुए निकल गई, जिससे वह बाल-बाल बच गया। पुलिस ने घायल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। आरोपी के पास से तमंचा, एक खोखा, दो जिंदा कारतूस और छुरी बरामद हुई है। मौके से गोकशी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने मौके से इकराम पुत्र छोटन निवासी वार्ड-9 धौराटांडा को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपी प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी और गोकशी से जुड़े गिरोह का हिस्सा हैं। इनके फरार अन्य साथियों की पहचान की जा रही है।

**राजू के खिलाफ गंभीर धाराओं में दर्ज हैं 18 मुकदमे**

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार घायल आरोपी राजू के खिलाफ विभिन्न धाराओं में करीब 18 मुकदमे दर्ज हैं। थाना प्रभारी के अनुसार फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पूरे क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है।

### कार्रवाई : ब्लैकमेलिंग और हनीट्रैप के मामले में महिला गिरफ्तार

- झूठे मुकदमे की धमकी देकर युवक से पहले 10 लाख ऐंठे, फिर मांगे 12 लाख रुपये
- पीड़ित की शिकायत पर प्रेमनगर पुलिस ने आरोपी महिला को घर से हिरासत में लिया

**बरेली, अमृत विचार** : प्रेमनगर पुलिस ने हनीट्रैप के जरिए लोगों को फंसाकर झूठे मुकदमों की धमकी देकर मोटी रकम वसूलने वाली महिला को शनिवार सुबह घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि महिला ने पहले इंद्रानगर निवासी युवक से संपर्क बढ़ाया, फिर दुष्कर्म जैसे गंभीर आरोप में फर्जी मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर 10 लाख रुपये ऐंठ लिए। फिर उसने दोबारा 12 लाख रुपये की मांग कर डाली। रकम न देने पर युवक की जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार आरोपी पूजा शर्मा इज्जतनगर के वीर सावरकर नगर में रहती है। उसके पास से मोबाइल फोन बरामद किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी का पति से विवाद चल रहा है। वह दो बेटियों के साथ अलग रहती है। आय का कोई स्थायी जरिया न होने का हवाला देते हुए उसने इस रास्ते को चुना। वह पहले दोस्ती, फिर घूमना-फिरना और खर्च के नाम पर पैसे लेना और जब मौका मिला तो झूठी शिकायत दर्ज कराकर समझौते के नाम पर रुपये वसूलती थी। पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर ली है। जांच में सामने आया कि आरोपी महिला ने कथित रूप से पहले नजदीकियां बढ़ाईं और फिर संबंधों को आधार बनाकर समझौते के नाम पर रकम वसूली। जब और पैसे नहीं मिले तो गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी। फिलहाल, पुलिस महिला से बरामद मोबाइल फोन की जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं और लोग भी इस जाल का शिकार तो नहीं बने। महिला को गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर क्राइम प्रमोद कुमार, दरोग मो. सरताज, अनुराग एकता, अर्चना शामिल रहीं।

### फरार दंपती को पुलिस ने पकड़ा

**बरेली/रिठौरा** : लंबे समय से प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर शहर में रह रहे गांव दियोरिया जागीर निवासी इरशाद व पत्नी खुशबू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों लंबे समय से मुकदमे से गैरहाजिर चल रहे थे। वारंट जारी होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। शनिवार को खुशबू को जेल भेज दिया गया।

### बैग दिखाने के बहाने चोरी, युवक सीसीटीवी में कैद

**बरेली, अमृत विचार**ः इस्लामिया रोड पर एक दुकान पर खरीदारी के बहाने एक युवक बैग चोरी कर ले गया। आरोपी युवक की फुटेज सीसीटीवी में कैद हो गई। दुकानदार ने उसकी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल की है।

थाना कोतवाली क्षेत्र के बिहारीपुर निवासी दुकानदार इश्तिहार हुसैन उर्फ बबलू की इस्लामिया रोड पर दुकान है। यह दुकान हाथ से बनाए गए स्कूली और लगेज बैग के लिए प्रसिद्ध है। बबलू ने बताया कि कुछ दिन पहले भुता थाना क्षेत्र का एक युवक अपनी जैकेट की चेन ठीक कराने आया और उसके साथ एक बैग भी था। युवक ने नया बैग दिखाने का बहाना बनाया और कर्मचारियों ने उसे बैग दिखाया, लेकिन इसी दौरान उसने मौका पाकर बैग चोरी कर लिया और फरार हो गया। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे युवक की करतूत साफ दिख गई। दुकानदार ने चोरी की घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की और सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दी।




### उत्तराखंड से बरेली तक पीछा, शादी में पहुंचकर की अभद्रता

- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

**बरेली, अमृत विचार**ः कैंट थाना क्षेत्र के नकटिया में आयोजित एक शादी समारोह में युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। ऊधमसिंह नगर के किच्छा निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीती 12 फरवरी को अपने चाचा के यहां शादी में शामिल होने बरेली आई थी। आरोप है कि किच्छा निवासी कासिफ (25) उसका पीछा करते हुए बरेली पहुंच गया और 13 फरवरी की रात करीब दो बजे शादी हॉल में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। युवती के विरोध और शोर मचाने पर समारोह में मौजूद लोगों ने उसे आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। आरोप है कि इस दौरान कासिफ ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के मुताबिक आरोपी के खिलाफ पहले भी ऊधमसिंहनगर में मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सुपरवाइजर ने रोका तो कान्हा गोशाला के गेट पर धरना देकर विरोध जताया

**संवाददाता, बरेली/सीबीगंज**

**अमृत विचार**ः अखिल भारतीय गौ रक्षा परिषद के कार्यकर्ता शनिवार को सीबीगंज क्षेत्र की कान्हा गोशाला (नदौसी) का निरीक्षण करने पहुंचे। सुपरवाइजर के गेट पर रोकने पर कार्यकर्ता भड़क गए और अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। अफसरों से वार्ता के बाद देर शाम धरना समाप्त हो गया।

परिषद के अध्यक्ष हेमंत गंगवार ने कहा कि संगठन ने पहले ही जिलाधिकारी अविनाश सिंह को लिखित सूचना देकर सीबीगंज के नदौसी, फतेहगंज पश्चिमी और मीरगंज स्थित गोशालाओं के निरीक्षण की जानकारी दी थी, लेकिन सुपरवाइजर ने उन्हें गेट पर रोक दिया। गेट पर कर्मचारियों के रवैये और नोकझोंक ने स्थिति को और तनावपूर्ण बना दिया। कार्यकर्ताओं ने गोशाला गेट पर इकट्ठा होकर संयुक्त रूप से धरना शुरू किया तो ग्रामीण भी बड़ी संख्या में समर्थन देने के लिए पहुंच गए। मौके पर सीओ द्वितीय सोनाली मिश्र, इंस्पेक्टर सीबीगंज प्रदीप कुमार चतुर्वेदी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे। इस



गोशाला के बाहर धरना देते अखिल भारतीय गौ रक्षा परिषद के कार्यकर्ता।

- गोशाला में प्रवेश से रोक पर भड़के अखिल भारतीय गो रक्षा परिषद के कार्यकर्ता
- कई मांगें उठाईं, नगर आयुक्त और सीओ से वार्ता के बाद देर शाम धरना समाप्त किया

दौरान कार्यकर्ता अपनी मांगों पर अड़े रहे। मुख्य मांगों में गोशाला के सुपरवाइजर विजय और अन्य कर्मचारियों को हटाना, गोशाला प्रबंधन को हिंदू संगठनों के हवाले करना, गोशाला में मछली और कुत्तों का पालन बंद कराना, पूर्व केयरटेकरों की बहाली और बकाया मजदूरी दिलाना शामिल है। इसके अलावा, नगर निगम की सभी गोशालाओं में गोरक्षक संगठनों, हिंदू संगठनों और मीडिया कर्मियों को बिना रोक-टोक प्रवेश की अनुमति देने की मांग भी की गई।

वहीं शाम करीब साढ़े सात बजे नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य व सीओ द्वितीय मौके पर पहुंचे। इसके बाद संगठन के चार पांच कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को वार्ता के लिए अंदर बुलाया, मगर मीडिया कर्मियों को गेट पर रोक दिया। आसपास के ग्रामीणों ने गोशाला कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। 8 बजे धरना-प्रदर्शन समाप्त हो गया।

# मलेरिया फैलने से रोकने को आईएमए से मांगा जाएगा सहयोग

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- मलेरिया के मरीजों के बनेंगे कार्ड, दवा और इलाज पर रखी जाएगी नजर
- आईएमए की मदद से निजी अस्पताल में जाने वाले मरीजों का डेटा एकत्र होगा

**अमृत विचार** : जनवरी में मलेरिया के तीन केस जिले में मिलने के बाद से विभाग ने इससे निपटने के लिए कमर कस ली है। मलेरिया विभाग इस संक्रमण पर रोक लगाने के लिए आईएमए से मदद लेगा। इससे मलेरिया के मरीजों के इलाज के साथ डेटा भी जुटाया जा सकेगा।

जिले के 450 गांव में मलेरिया का प्रकोप रहता है। कहीं कहीं तो यह जानलेवा भी बन जाता है। मलेरिया विभाग इन गांवों पर नजर बनाए रहता है। यहां मरीज मिलने पर विभाग अलर्ट हो जाता है और मरीजों की जानकारी कर उनका डेटा तैयार करता है। इस डेटा में और सटीकता आ सके, इसके लिए विभाग मरीजों की मॉनिटर के लिए आईएमए बरेली से सहयोग करने की बात करेगा। विभाग जल्द ही आईएमए के पदाधिकारी से बातचीत कर यह चाहता है कि निजी अस्पतालों में आने वाले मलेरिया के मरीजों का भी कार्ड बने। इससे उनकी मॉनिटरिंग हो सके। इसके लिए वह आईएमए से ही मलेरिया कार्ड छपवाकर निजी अस्पतालों तक पहुंचने पर विचार कर रहा है।

### मलेरिया संक्रमण फैलने पर आएगी कमी

मलेरिया अधिकारी के अनुसार यदि मलेरिया से संक्रमित किसी व्यक्ति को 14 दिन तक लगातार दवाई खिलाई जाए तो उसको काटने वाला मच्छर इस संक्रमण को आगे नहीं पहुंचा सकता। इसलिए दवाई को 14 दिन तक खाना जरूरी होता है। कार्ड बनने से मरीज पर नजर रखी जा सकती है और उनकी दवा और सेहत का ख्याल भी रखा जा सकता है।

> विभाग की ओर से मलेरिया मरीजों के लिए कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसमें मरीज की पूरी जानकारी दर्ज होती है। हम जल्द ही आईएमए पदाधिकारियों से बातचीत करेंगे, ताकि कि वे ऐसे कार्ड छपवाकर मलेरिया के मरीजों को दें। इससे मरीज की जानकारी होने पर संक्रमण को फैलने से कम किया जा सकता है। - **सतेंद्र सिंह**, जिला मलेरिया अधिकारी

आकड़ों के अनुसार बीते तीन साल में जिले में 8245 मलेरिया के मरीज सामने आ चुके हैं।

# प्यार पर पहरा...पार्कों में प्रेमियों पर रही पुलिस की पैनी नजर

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- वैलेंटाइन डे पर गांधी उद्यान और फूलबाग में सघन चेकिंग, संदिग्धों की जांच हुई
- सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी रहे तैनात, बजरंग दल और अन्य संगठनों पर निगरानी

**अमृत विचार**ः वैलेंटाइन डे के मौके पर बरेली का रंग इस बार रोमांस का नहीं, बल्कि सुरक्षा और सख्ती का रहा। शहर के प्रमुख पार्कों और रेस्टोरेंट में पुलिस प्रशासन ने दिनभर सख्त निगरानी रखी। पिछले दिनों राजेंद्रनगर के एक कैफे में छात्रा के साथ हुई मारपीट की घटना ने प्रशासन की नींद उड़ा दी थी, इसके चलते वैलेंटाइन डे पर विशेष सतर्कता बरती गई।

शहर के गांधी उद्यान, फूलबाग पार्क और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष गश्त और चेकिंग अभियान चलाया गया। गांधी उद्यान के म्यूजिक फाउंटेन और भूल-भुलैया क्षेत्र में खुद कोतवाली इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र गौतम मौजूद रहे और हालात का जायजा लिया। पार्कों के बाहर सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी तैनात थे, ताकि किसी भी अनुचित गतिविधि या अश्लील हरकत को तुरंत रोका जा सके। पुलिस ने बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठनों की गतिविधियों पर भी निगरानी रखी गई।



गांधी उद्यान में महिला पुलिसकर्मी भी तैनात रहीं। ● अमृत विचार

एसएसपी अनुराग आर्य ने साफ कहा कि किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी या कपल को परेशान करना कतई बर्दाश्त नहीं होगा। शहर के गांधी उद्यान, फूलबाग और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पूरे दिन पुलिस पैदाल और गाड़ियों सेगश्त करती दिखी। पार्कों के बाहर भी कड़ा सुरक्षा बंदोबस्त रखा गया, ताकि शहर में किसी भी तरह की अफरा-तफरी या अनुचित हरकत को रोका जा सके। कहा जा रहा है कि बीते 28 दिसंबर को राजेंद्रनगर स्थित एक कैफे में अपना जन्मदिन मना रही छात्रा और उसके दोस्तों के साथ कुछ युवकों ने मारपीट की थी। यह घटना खासी चर्चित रही थी। इसी के बाद से पुलिस ने त्योहारों और विशेष मौकों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्णय लिया।

### इस्लाम के खिलाफ है वैलेंटाइन डे : मौलाना शहाबुद्दीन



**बरेली, अमृत विचार** : मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने वैलेंटाइन डे को लेकर कड़ा एतराज जताते हुए इसे इस्लामी शिक्षाओं के खिलाफ बताया है। उनका कहना है कि हर कौम की अपनी धार्मिक पहचान और सांस्कृतिक विरासत होती है, जिसे बचाए रखना जरूरी है। पश्चिमी परंपराओं की अंधी नकल सही नहीं है और इससे नई पीढ़ी अपने मूल मूल्यों से दूर हो सकती है। मौलाना ने शरीयत के हवाले से कहा कि इस्लाम में ऐसे आयोजनों की कोई गुंजाइश नहीं है। इसलिए मुस्लिम समाज को इससे दूर रहना चाहिए। उन्होंने खासतौर पर युवाओं से अपील की कि वे हया, पर्दे और धार्मिक उसूलों का ख्याल रखें और किसी भी ऐसे पर्व का हिस्सा न बनें जो उनके मजहबी सिद्धांतों से मेल नहीं खाता। इस मौके पर उन्होंने बांग्लादेश के आम चुनावों पर भी अपनी राय रखी। मौलाना ने कहा कि पड़ोसी मुल्कों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मजबूत होना पूरे क्षेत्र के लिए अहम है। उन्होंने दुआ की कि बांग्लादेश में स्थिर और जिम्मेदार नेतृत्व उभरे, जो देश को तरक्की और अमन की राह पर आगे बढ़ाए। साथ ही उन्होंने दक्षिण एशिया में आपसी भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करने पर जोर दिया।

## सिटी ब्रीफ

### होली से पहले आउटसोर्सिंग कर्मियों को वेतन देने की मांग

बरेली, अमृत विचार : शिक्षणेत्तर कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष हरी शंकर ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों को होली से पहले वेतन दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कर्मचारियों को हर माह 20 से 30 तारीख के बीच वेतन मिलता है, जो नियमों के विपरीत है, जबकि भुगतान प्रत्येक माह की पांच तारीख तक होना चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि फरवरी माह का वेतन होली जैसे महत्वपूर्ण पर्व से पूर्व जारी किया जाए, ताकि कर्मियों को आर्थिक और मानसिक तनाव का सामना न करना पड़े।

### पीएम श्री स्कूलों में खेल मैदान विकसित करने को डीएम ने की बैठक

बरेली, अमृत विचार : जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में पीएम श्री विद्यालयों में खेल मैदान विकसित करने के लिए कार्यदायी संस्था के चयन के संबंध में बैठक की। पीएम श्री अनुश्रवण समिति की बैठक में प्रस्तावित कार्यों की रूपरेखा, तकनीकी मानकों, गुणवत्ता मानदंडों एवं समय सीमा पर विस्तृत चर्चा की गई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शिता के साथ नियमानुसार संपादित करें। साथ ही कार्यदायी संस्था निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य कराए। इसमें कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक और भाषण प्रतियोगिता

बरेली/मीरगंज, अमृत विचार : यातायात सड़क सुरक्षा माह में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा जन-जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक एवं भाषण प्रतियोगिता से जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ० मोहम्मद आतिफ खान द्वारा किया गया। रैली के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के पालन, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा आपात स्थिति में घायलों की सहायता हेतु प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो० एस. के. सिंह,प्रोफेसर विजय बहादुर बिष्ट, डॉ. शिव प्रताप सिंह,बी के पदान,वीरेंद्र शर्मा आदि शामिल रहे।

### नुक्कड़ नाटक कर चेताया, अलग-अलग करें सूखा-गीला कचरा

बरेली/शेरगढ़ अमृत विचार : सोशियो बीटल नेटवर्क फाउंडेशन के तत्वावधान में नगर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक टीम ने प्रभावशाली प्रस्तुति दी।टीम ने कार्यक्रम के माध्यम से नगर वासियों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। कलाकारों ने नाटक के जरिए यह संदेश दिया कि घर से निकलने वाले कचरे को प्रतिदिन अलग अलग करके कचरा वाहन में डालना सभी की जिम्मेदारी है। बताया कि स्वच्छता केवल नगर पंचायत की जिम्मेदारी नहीं है इसमें सभी नगरवासियों की सामूहिक भागीदारी जरूरी है। नगर वासियों से नगर को कचरा मुक्त बनाकर "ग्रीन शेरगढ़ - क्लीन शेरगढ़" बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आवाह्न किया गया।

# श्रद्धालुओं को राहत, पशुपति नाथ मंदिर रोड साफ-सुथरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार IMPACT

- नगर आयुक्त ने कराई नाले की सफाई, मंदिर आने वाले भक्तों को नहीं झेलनी पड़ेगी जलभराव की समस्या

अमृत विचारः पशुपति नाथ मंदिर रोड पर लंबे समय से जलभराव और कीचड़ की समस्या को काफी हद तक दूर कर दिया गया है। शनिवार को अमृत विचार में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेकर सुबह ही नगर आयुक्त के निर्देश पर नाले की सफाई करा दी गई, ताकि मंदिर आने वाले भक्तों को किसी तरह की असुविधा न हो।

नाथ कारिडोर में शामिल पशुपति नाथ मंदिर पीलीभीत बाईपास से करीब 150 मीटर की दूरी पर है, इसलिए इस मार्ग की सफाई और जल निकासी बेहद जरूरी थी। मंदिर का मुख्य मार्ग काफी नीचा होने के कारण रोड किनारे स्थित नाले के चोक होने के कारण सड़क पर कीचड़ फैलने के साथ पानी भरा रहता है। ऐसे में महाशिवरात्रि पर मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को इस समस्या का सामना करना पड़ता। स्थानीय लोगों का कहना था कि मंदिर नाथ कारिडोर का हिस्सा होने के कारण यहां आने वाले भक्त और आमजन पैदल ही दर्शन के लिए आते हैं। अमृत विचार ने इस समस्या को प्रमुखता से उठाया। खबर का संज्ञान लेते हुए नगर आयुक्त ने समस्या के निदान के निर्देश दिए। नाले की सफाई की प्रक्रिया सुबह ही शुरू कर दी गई। दावा है कि नाला साफ होने के बाद मंदिर रोड पर जलभराव नहीं होगा और भक्तों को दर्शन के लिए आने में किसी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।


पशुपतिनाथ मंदिर के मुख्य मार्ग से सटे नाले की सफाई करती मशीन। ● अमृत विचार

# डॉ. विमल भारद्वाज बने यूपी आईएमए के संयुक्त सचिव



- राज्य के चिकित्सकों के बीच सहयोग बढ़ाकर करेंगे स्वास्थ्य सेवा में सुधार

बरेली, अमृत विचारः नाथ नगरी बरेली के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए समर्पित डॉ. विमल कुमार भारद्वाज को भारतीय चिकित्सा संघ उत्तर प्रदेश (यूपी आईएमए) का संयुक्त सचिव नियुक्त किए जाने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. भारद्वाज, मेडिसिटी और वेदांता अस्पताल के निदेशक भी हैं। 22 जनवरी को नियुक्ति का आधिकारिक पत्र उन्हें अब प्राप्त हुआ है। यह उनके लिए न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरे बरेली और आसपास के क्षेत्रों के स्वास्थ्य समुदाय के लिए गर्व का विषय भी है।

डॉ. भारद्वाज ने कहा कि यह नई जिम्मेदारी उन्हें और भी सक्रिय और उत्तरदायी बनाएगी। उनका उद्देश्य केवल चिकित्सकीय सेवाओं में सुधार करना ही नहीं, बल्कि राज्य के सभी चिकित्सकों के बीच सहयोग, प्रशिक्षण और पेशेवर समन्वय को भी मजबूत करना है। उन्होंने स्थानीय जनता और स्वास्थ्य कर्मियों का आभार व्यक्त किया और भरोसा दिलाया कि इस नए पद के माध्यम से वह क्षेत्र में स्वास्थ्य सुधार, जागरूकता अभियान और नए चिकित्सा कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएंगे।

# बजट में व्यापारी हित में कई घोषणाएं : डॉ. अरुण

## मुख्य अतिथि बोले-एमएसएमई के लिए ग्रोथ फंड वित्तीय सहायता प्रदान करेगा, कर सुधार से मध्यम वर्ग को मिलेगी राहत


केंद्रीय बजट परिचर्चा के दौरान लोगों को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार। ● अमृत विचार

- भाजपा महानगर ने शहर विधानसभा में करायी केंद्रीय बजट पर परिचर्चा

बरेली, अमृत विचारः भाजपा महानगर की ओर से शहर विधानसभा में केंद्रीय बजट परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन डीडीपुरम स्थित अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक सभागार में किया गया। शनिवार दोपहर हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट उत्तर प्रदेश के विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाई देने वाला बजट है।

यह राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग, कृषि और युवाओं की ग्रोथ बढ़ाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा। केंद्र सरकार के बजट में विकास और आत्मनिर्भर भारत, महिलाओं को सशक्त बनाने, निर्माण और उद्योग, कर सुधार के माध्यम से मध्यम वर्ग को राहत देने का प्रयास किया गया। व्यापारियों के हित में कई घोषणाएं की गई हैं। वित्तमंत्री ने एमएसएमई के लिए 10,000 करोड़ का ग्रोथ फंड बनाया है, जो उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।

सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि एमएसएमई के लिए ग्रोथ फंड और सस्ते ऋण की सुविधा, शिक्षा और स्वास्थ्य का लाभ सभी को मिलेगा। संचालन प्रतेश पांडे ने किया। कार्यक्रम में अनिल कुमार एडवोकेट, मनीष अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, बंटी ठाकुर, रेखा श्रीवास्तव, पवन अरोड़ा, रोहित जिंदल, रामकृष्ण शुक्ला, अनिल अग्रवाल, दीपक द्विवेदी, शोभित सक्सेना आदि मौजूद।

# घरेलू निर्माण क्षमता बढ़ेगी: संजीव

बरेली, अमृत विचारः भाजपा कार्यालय पर शनिवार को केंद्रीय बजट को लेकर बजट चौपाल कैंट विधानसभा की ओर से आयोजित की गयी। मुख्य वक्ता कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि आत्मनिर्भरता केंद्र सरकार की आर्थिक रणनीति का मुख्य सिद्धांत है। बजट 2027 में घरेलू मेन्यूफेक्चरिंग क्षमता बढ़ाने पर विशेष फोकस किया है। उन्होंने बजट को दुर्लभ समय में ''गोल्डीलॉक्स मोमेंट'' बताया। कहा, देश की अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है और महंगाई दर निचले स्तर पर बनी है।

कैंट विधायक ने कहा कि प्राथमिक क्षेत्रों में आईटी, फिनटेक, लॉजिस्टिक्स, हेल्थकेयर, पर्यटन और रचनात्मक सेवाएं शामिल होंगी। 7 दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए विदेश से मंगवाई जाने वाली दवाओं पर भी ड्यूटी हटा दी।


भाजपा कार्यालय में बजट चौपाल को संबोधित करते कैंट विधायक संजीव अग्रवाल।

- भाजपा कार्यालय पर बजट चौपाल आयोजित

मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि बजट आर्थिक विकास को गति देने, नागरिकों के क्षमता निर्माण की आकांक्षाएं पूरी करने वाला है। सरकार ने रोजगार सृजन, उत्पादकता बढ़ाने और विकास की गति तेज करने के लिए व्यापक आर्थिक सुधार किए हैं। इससे पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बजट चौपाल की शुरूआत की गयी। संचालन महानगर उपाध्यक्ष देवेन्द्र जोशी ने किया।

कार्यक्रम में शोभित सक्सेना, नवीन अग्रवाल, अनिल गुप्ता, सुदेश अग्रवाल, अमरजीत सिंह बक्शी, नीलेश अग्रवाल, अरुण कश्यप, अजय प्रताप सिंह, डॉ विनोद पागरानी, तृप्ति गुप्ता, नीलम जेठा, जयदीप चौधरी, मोहित तिवारी, नरेंद्र मौर्य, कन्हैया राजपूत, सोनू कालरा, रूपेंद्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

# कुलपति ने बतायीं एमजेपीआरयू की उपलब्धियां


प्रो. केपी सिंह

बरेली, अमृत विचारः एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी. सिंह ने विश्वविद्यालय के 51वें स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों, पूर्व छात्रों शिक्षकों, कर्मचारियों को बधाई दी। कहा कि विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति अपनी 48 वर्षों की प्रतिबद्धता पर विचार किया है। विश्वविद्यालय को एनएएसी से 'ए डबल प्लस' ग्रेड मिला है और ग्लोबल यूनिवर्सिटी रैंकिंग, लंदन से ग्रेजुएट आउटकम्स वर्ल्ड रैंकिंग 2024 में डायमंड बैज मिला। पीएम-उषा योजना के तहत 100 करोड़ रुपये का अनुदान मिला। रुहेलखंड इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर को उद्यमिता पहलों के विस्तार के लिए 10 करोड़ रुपये मिले हैं। प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ अंतर्राष्ट्रीय सहयोग स्थापित किए हैं और छात्रों की डिग्री और शैक्षणिक दस्तावेजों के लिए ब्लॉकचेन-आधारित भंडारण को अपनाया है।

# गोशालाओं का नियमित निरीक्षण करें: डीएम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पशुपालन विभाग की जिला स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें डीएम ने निर्देश दिए कि तहसील और विकास खण्ड स्तर पर प्रत्येक माह नियमित रूप से बैठकें आयोजित की जाएं और उनमें दिए गए निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मनमोहन पांडेय को निर्देश दिए कि नोडल अधिकारियों की बैठकों और निरीक्षणों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। साथ ही गोशालाओं में हरे चारे की कमी की समस्या को संबंधित ग्राम प्रधानों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने समीक्षा के दौरान ब्लॉक भदपुरा की मधुनगला गोशाला में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य लंबित पाए जाने पर बीडीओ को छह माह के भीतर निर्माण पूरा कराने के निर्देश दिए।


कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

- डीएम ने पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक में अफसरों को दिए निर्देश
- कहा- तहसील व ब्लॉक स्तर पर मासिक बैठक अनिवार्य लापरवाही पर होगी कार्रवाई
- बीडीओ को भदपुरा की मधुनगला गोशाला में बाउंड्रीवॉल निर्माण छह माह में कराने के निर्देश

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी माह में कम से कम एक बार फील्ड विजिट अवश्य करें। गोशालाओं के निरीक्षण के दौरान भूसा, हरा चारा, चोकर और रजिस्टर की जांच अनिवार्य रूप से करने के भी निर्देश दिए गए। बीमार गायों को अलग रखने तथा क्षमता से अधिक पशु होने पर अतिरिक्त गोपालकों की नियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में सीडीओ देवयानी, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा हबीब अंसारी, डीपीआरओ कमल किशोर, बीडीओ आदि मौजूद रहे।

# संविधान की रक्षा पर कांग्रेस का जोर


संविधान बचाओ कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः साहू समाज एवं कांग्रेस पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में शरिवार को भोजीपुरा के ग्राम घंघोरा-घंघोरी में 'संविधान बचाओ संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीतापुर के सांसद राकेश राठौर ने कहा कि समाज संगठित और अपने अधिकारों के प्रति सजग न रहे तो वर्तमान सरकार में न्याय मिलना मुश्किल है।

- ग्राम घंघोरा-घंघोरी में साहू समाज का 'संविधान बचाओ संवाद कार्यक्रम' आयोजित

आरोप लगाया कि भाजपा सरकार संविधान को कमजोर कर कानून का दुरुपयोग कर रही है। आयोजक अनुराग राठौर ने कहा कि साहू समाज जागरूक हो चुका है और अपने अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष करेगा। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि संविधान की रक्षा, समाज के हितों की रक्षा करना है। कांग्रेस प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने पिछड़े वर्ग में बढ़ती बेरोजगारी पर चिंता जताई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशफाक सकलैनी ने समाज को संगठित और एकजुट रहने का आह्वान किया। संचालन डॉ. पीपी माथुर ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बदायूं जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अजित यादव, रंजीत राठौर, रमेश श्रीवास्तव, आनंद नारायण सिंह, प्रेम शंकर साहू, कमरुद्दीन सेफी आदि उपस्थित रहे।

गुड न्यूज | भारतीय व्यापार महोत्सव एक से चार मई तक दिल्ली के प्रगति मैदान में

# स्टॉल लगाकर करें उत्पाद का प्रचार

बरेली, अमृत विचारः अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ की ओर से दिल्ली के प्रगति मैदान में एक से 4 मई तक आयोजित होने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारी मिली है। शनिवार दोपहर एसएसडी प्लाजा के एक रेस्टोरेंट में प्रेस से वार्ता करते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष युवा सुनील खत्री ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास को महोत्सव का सदस्य घोषित किया है। उनके नेतृत्व में महोत्सव के लिए सुनील खत्री समेत 13 मुख्य पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी दी गयी है।

इन्हें स्टॉल लगाने से लेकर महोत्सव के संबंध में जानकारी साझा करने को कहा गया है। इससे व्यापारियों के स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार मिलने में आसानी होगी। अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन घनश्याम दास गर्ग ही संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हैं। श्रीगर्ग एवं प्रदेश महामंत्री तिलक राज अरोड़ा ने सभी जिलों के प्रमुख व्यापारियों से मेले में स्वदेशी उत्पाद का स्टाल लगाने का आह्वान किया है। बरेली एवं आसपास के जिले के उद्यमी एवं व्यापारी स्टॉल लगाने के लिए संपर्क कर सकते हैं।

प्रेस वार्ता में कानूनी सलाहकार एडवोकेट शांतनु मिश्रा, संरक्षक धीरज सक्सेना, आजाद नवी, विजय कुमार सक्सेना, प्रवीण कुमार, मनोज देवल आदि मौजूद रहे।



एक रेस्टोरेंट में प्रेसवार्ता करते पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष युवा सुनील खत्री व अन्य। ● अमृत विचार

- पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के तेरह पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

# मीरगंज तहसील में 14 केंद्रों पर होगी बोर्ड परीक्षा

बरेली/मीरगंज, अमृत विचारः माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा के लिए तहसील क्षेत्र में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें राजेंद्र प्रसाद इंटर कालेज, ब्रह्मा देवी गर्ल्स इंटर कालेज, स्वामी दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज परौरा, कमला देवी मेमोरियल इंटर कालेज हुरहरी, राजकीय इंटर कालेज अगरास, दुनका इंटर कालेज दुनका, कुंवर ढाकन लाल इंटर कालेज सहोड़ा, प्रताप इंटर कालेज शाही, गांधी इंटर कालेज शाही, हाजी दूल्हा बेग इंटर कालेज शीशगढ़, चन्द्र प्रकाश मेमोरियल इंटर कालेज धंतिया, और फतेहगंज पश्चिमी के जानकी देवी इंटर कालेज, यूनिक माडल इंटर कालेज, कृपा इंटर कालेज शामिल हैं। एसडीएम मीरगंज आलोक कुमार सिंह ने बताया कि नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं है।

# जिला अस्पताल की ओपीडी 12 बजे बंद, भटकते रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता बरेली

अमृत विचार :जिला अस्पताल में कोई सीने में दर्द के साथ आया तो किसी को पैर पर प्लास्टर कराना था। ओपीडी 12 बजे बंद होने के कारण तमाम मरीजों को बिना इलाज के लौटना पड़ा। जानकारी के अभाव में दोपहर 2 बजे तक मरीज इधर-उधर भटकते रहे।

दरअसल, शनिवार को ओपीडी 12 बजे बंद हो जाती है। सामान्य दिनों में दोपहर 2 बजे तक चलती है। जानकारी न होने के कारण दोपहर बाद तमाम मरीज पर्चा बनवाने के लिए पहुंचे। जब 12 बजे के बाद काउंटर बंद मिला तो वह निराश हो गए। पुराना शहर से आए अंकित को बुखार था तो रामपुर के मिलक से आए उमेश के सीने में कई दिन से दर्द था वह 200 रुपये खर्च करके बरेली आए। ओपीडी का पर्चा न बनने के कारण वह डाक्टर को नहीं दिखा सके। बिना इलाज के ही वह लौट गए। इसी तरह करगैना के जितेंद्र को भी निराशा हाथ लगी। सीबीगंज के रुखसार के बेटे के पैर में फ्रैक्चर हो गया था। उसके पैर में प्लास्टर होना था, लेकिन ओपीडी बंद होने के कारण उनका भी पर्चा नहीं बन सका।


जिला अस्पताल में 12 बजे के बाद पर्चा बनवाने के लिए पहुंचे मरीज। ● अमृत विचार

- सीने में दर्द के साथ आया तो किसी के पैर में होना था प्लास्टर
- ओपीडी बंद मिलने के कारण बिना इलाज के ही लौट गए मरीज

# फॉर्मर रजिस्ट्री में सुस्ती पर तीन लेखपालों को नोटिस

बरेली/मीरगंज, अमृत विचारः तहसील सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में राजस्व, कृषि, पंचायत एवं विकास विभाग के कर्मचारियों की बैठक हुई। बैठक में ग्रामवार समीक्षा कर अधिक से अधिक कृषकों के फार्मर रजिस्ट्री बनाने को निर्देशित किया ।

एसडीएम आलोक कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थी की फार्मर रजिस्ट्री होना अनिवार्य है। जो कृषक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराएंगे उनकी पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त आना बंद हो जाएगी। समीक्षा में फार्मर रजिस्ट्री में अपेक्षित प्रगति ना लाने वाले तीन लेखपालों क्रमशः सुधा शर्मा ,पुरुषोत्तम एवं गौरव सिंह तथा कृषि विभाग के विकासखंड शेरगढ़ के टीएसी धर्मेंद्र को कारण बताओ नोटिस जारी कर कम प्रगति के लिए स्पष्टीकरण मांगा गया।

# यूपी बोर्ड : जिले में 92 हजार छात्र 130 केंद्रों पर देंगे परीक्षा

## 9 संवेदनशील और 4 अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्र चिह्नित, नकल पर रोक लगाने को जनपद को सात जोन और 17 सेक्टर में बांटा गया

- 129 स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त, डीआईओएस कार्यालय में बना कंट्रोल रूम
- बोर्ड परीक्षा को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की बैठक आयोजित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होंगी। जिसमें जिले के 92000 विद्यार्थी शामिल होंगे। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। इसके लिए जिले को 7 जोन, 17 सेक्टर में बांटा गया है। यहां 129 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। जिले में 9 संवेदनशील और चार अति संवेदनशील परीक्षा केंद्र चिह्नित किए गए हैं। जहां पर पुलिस पिकेट लगाई जाएगी।

शनिवार को अर्बन हार्ट में बोर्ड परीक्षा को लेकर पुलिस-प्रशासन की बैठक हुई, जिसमें अपर जिलाधिकारी सौरभ दूबे ने बताया कि जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए 130 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से एक परीक्षा केंद्र कारागार में भी है। परीक्षा में किसी तरह की नकल न हो सके, इसके लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। साथ ही जिले में संवेदन और अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों को चिह्नित किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसका नंबर 0581-2427433 है। किसी भी तरह की दिक्कत होने पर परीक्षार्थी इस नंबर पर फोन कर सकते हैं।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता नकल विहीन परीक्षा करना है। इसके चलते सभी को अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभानी होगी। उन्होंने बताया कि यदि परीक्षार्थी को कोई अनुचित सहायता देने का प्रयास करेगा तो कानून में उसे 10 साल का कारावास एवं 10 लाख रुपये तक का जुर्माने का प्रावधान है। उप जिलाधिकारी मल्लिका नैन, विदुषी सिंह, आलोक कुमार, राम जनम यादव समेत जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. गिरीश समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में बोलते एसपी सिटी मानुष पारीक। ● अमृत विचार


बोर्ड परीक्षा के संबंध में अर्बन हाट हॉल में आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

### परीक्षा केंद्र के आसपास बंद रहेगी फोटो स्टेट की दुकान

एसपी सिटी ने बताया कि परीक्षा केंद्र के स्ट्रांग रूम के पास दो सशस्त्र पुलिस बल तैनात रहेंगे। साथ ही परीक्षा केंद्र के 1 किलोमीटर की परिधि में कोई भी फोटो स्टेट की दुकान नहीं खुलेगी। अगर ऐसा होता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### श्रोताओं ने आकाशवाणी केंद्र का किया भ्रमण

**बरेली, अमृत विचार :** आकाशवाणी केंद्र में ''एक मुलाकात'' कार्यक्रम के तहत श्रोताओं ने भ्रमण कर केंद्र से प्रसारित कार्यक्रमों की प्रशंसा की। उद्घोषकों एवं कार्यक्रम प्रमुख को प्रतीक चिन्ह प्रदान किये। कार्यक्रम प्रमुख मिथिलेश श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। मीरगंज के सिंधौली से आये रेडियो की आवाज के दीवाने जीशान वारसी ने कहा कि वह अन्य केंद्रों से प्रसारित कार्यक्रम भी सुनते हैं। आकाशवाणी बरेली से प्रसारित कार्यक्रमों की गुणवत्ता में बेहतर निखार आया है। और मुरादाबाद के करुला के श्रोता अय्यूब खान ने कहा कि कार्यक्रम मुझे याद है जरा-जरा, श्रोता मंच, आपकी पसंद, अनुरोध गीत वास्तव में प्रशंसा के काबिल हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिशासी गौरव सक्सेना, उद्घोषक देवेंद्र रावत, प्रदीप मिश्रा, अमृता सिंह आदि ने भी विचार रखे।

### डॉ. द्रोण ने बच्चों को दिये परीक्षा तनाव कम करने के टिप्स



**बरेली, अमृत विचार :** जीके सिटी मॉटेसरी उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए बोर्ड परीक्षा के तनाव को कम करने को विशेष परामर्श सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डा. द्रोण भाटिया को आमंत्रित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा दबाव से निपटने के प्रभावी उपाय बताये। डा. भाटिया ने समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, नियमित पुनरावृत्ति, पर्याप्त नींद और मोबाइल एवं सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि घबराहट स्वाभाविक है, लेकिन सही रणनीति अपनाकर इसे नियंत्रित किया जा सकता है। परामर्श सत्र में विद्यार्थियों ने खुलकर अपने प्रश्न पूछे। इस डा. भाटिया ने सरल उदाहरणों के माध्यम से समाधान सुझाए। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. नरेन्द्र शर्मा और निदेशक पार्थ सत्यवती ने विद्यार्थियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी करने का संकल्प लिया।

# कवि गोष्ठी : पुलवामा के वीर शहीदों, ऋणी तुम्हारा हिंदुस्तान

- स्कूल कालेजों में शहीदों को नमन किया गया, शहीदों की स्मृति में हुए कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** विभिन्न संगठनों ने शनिवार को पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी। स्कूल कॉलेजों में भी शहीदों को नमन किया गया।

साहित्यिक संस्था कवि गोष्ठी आयोजन समिति के नेतृत्व में पांचालपुरी में पुलवामा के वीर शहीदों की स्मृति में कवि गोष्ठी आयोजित की गयी। अध्यक्षता साहित्यकार रणधीर प्रसाद गौड़ 'धीर' ने की। मुख्य अतिथि मशहूर शायर रामकुमार ''अफरोज'' रहे। मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मां वाणी की वंदना पूनम गंगवार ने प्रस्तुत की। गीतकार उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट ने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पुलवामा के वीर शहीदों, ऋणी तुम्हारा हिंदुस्तान, गर्व हमें उन माताओं पर, जिन्होंने जन्मे ऐसे लाल।

डॉ. अखिलेश गुप्ता ने कुछ यूं कहा कि भारत मां के बेटे थे वे, हमें प्राण से प्यारे थे। पुलवामा में चालीस सैनिक, घात लगाकर मारे थे। रणधीर प्रसाद गौड़ धीर ने अपनी रचना पढ़ते हुए कहा कि देश मांगता लहू आज मर्दानों का उठो समय आ गया आज बलिदानों का। कवि गोष्ठी में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से पुलवामा के अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए ओजस्वी काव्य पाठ किया और देश प्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम में दीपक मुखर्जी ''दीप'' अमित मनोज, पूनम गंगवार, राजकुमार अग्रवाल राज राज, संध्या श्रीवास्तव स्नेहा, आसमां खान, अभिषेक, डॉ अखिलेश गुप्ता, रजत कुमार, रीतेश साहनी आदि उपस्थित रहे।


डीडीपुरम स्थित शहीद स्तंभ पर मोमबत्ती जलाकर बलिदान हुए जवानों को श्रद्धांजलि देते लोग। ● अमृत विचार


पुलवामा के शहीदों की स्मृति में आयोजित कवि गोष्ठी में मौजूद लोग।

### बच्चों ने पुलवामा के शहीदों को किया याद



**बरेली, अमृत विचार :** जीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल नैनीताल रोड ब्रांच में शनिवार को पुलवामा अटैक में शहीद हुए सीआरपीएफ की 70 वीं बटालियन के 40 जवानों को याद किया। बच्चे हाथों में श्रद्धांजलि और शहीदों की जय जयकार के स्लोगन लिए थे। प्रधानाचार्य रणवीर सिंह रावत, रजनीश त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

### वीर जवानों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा भारत के पदाधिकारियों ने डीडीपुरम शहीद स्तंभ पर पुलवामा की बरसी पर वीर जवानों को उनके बलिदान पर नमन किया। दो मिनट का मौन धारण किया और मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्रदेव त्रिवेदी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रवीण भारद्वाज, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, मंडल महामंत्री विशाल शर्मा, महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला, एडवोकेट राशि पाराशरी आदि लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन मनोज दीक्षित टिंकू ने किया। वहीं इंटरनेशनल ह्यूमन सर्विस वेलफेयर ट्रस्ट ने डीडी पुरम स्थित शहीद स्तंभ पर मोमबत्ती जलाकर शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पदाधिकारियों ने 2003 में जम्मू कश्मीर में शहीद हुए पंकज अरोड़ा के माता-पिता को बुलाकर उन्हें पुष्प माला पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग शर्मा, पार्षद सतीश कातिब ( मम्मा), विकल्प कुदेशिया, नासिर हुसैन, शैलेन्द्र चौधरी, फहीम यार खां, सुभाष सेठी, जरनैल आदि मौजूद रहे। 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में सीआरपीएफ के वीर जवान आतंकवादी हमले में शहीद हुए थे।

### पुलवामा के बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि

- सिद्धार्थ एकेडमी में बच्चों ने शहीदों को नमन किया

**बरेली, अमृत विचार :** सिद्धार्थ एकेडमी में शनिवार को ब्लैक डे के रूप में मनाया। पुलवामा हमले में बलिदान हुए देश के वीर सपूतों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगोली बनाकर बलिदानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। समिति की प्रबंधक शालिनी मिश्रा ने पुलवामा हमले को कायराना आतंकी हमला बताया। उपाध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि देश हमेशा अपने बलिदानियों का ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि देश के वीर जवान सीमा पर हमारी रक्षा के लिए मुस्तैदी से डटे रहते हैं, तभी हम सभी सुरक्षित चैन की नींद सो पाते हैं। हम सभी को अपनी सेना के त्याग तपस्या अदम्य साहस एवं उनके बलिदान के प्रति सच्ची प्रतिष्ठा और आस्था रखनी चाहिए। इस मौके पर धीरज सिंह, हर्षिका, आशिका, खुशी, ज्योति मुस्कान, सौरभ, शैलेन्द्र, अमन, वैदेही आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए



महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में आयोजित समारोह में मौजूद पुरातन छात्र और कॉलेज प्रबंधन। ● अमृत विचार

- महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में पुरातन छात्र समारोह आयोजित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में शनिवार को पुरातन छात्र समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जो वर्तमान में प्रशासनिक सेवा, शिक्षा, चिकित्सा, कानून व्यवस्था और समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में योगदान दे रहे हैं। उद्देश्य पूर्व छात्रों को एक मंच पर जोड़ना तथा वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरित करना रहा।

मुख्य अतिथि कैंट विधायक संजीव अग्रवाल रहे। पुरातन छात्र परिषद का गठन किया गया। जिसमें प्रथु वात्स्यायन को अध्यक्ष, संजय कुमार उपाध्यक्ष, संस्कृति अग्रवाल सचिव, हितेश कुमार पांडे संयुक्त सचिव, मो. नदीम कोषाध्यक्ष नामित किया गया। छात्रोंने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। पूर्व छात्रों ने अनुभव साझा किए। महाराजा अग्रसेन शिक्षा समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, अविनाशी लाल अग्रवाल, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, दीपेश अग्रवाल, निदेशक डॉ. प्रवीन कुमार अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल, डॉ. रंजना जायसवाल, डॉ. कमल किशोर मेहरोत्रा, डॉ. गुन्जन अग्रवाल, सोनल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### कथा में श्रीकृष्ण सुदामा की मित्रता का वर्णन सुनाया

**बरेली/शेरगढ़, अमृत विचार :** मनु नगर गांव स्थित शिव मंदिर पर नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक रुचि शास्त्री ने रुक्मणी विवाह,सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष कथा का मार्मिक प्रसंग सुनाया। कथावाचक ने श्री कृष्ण-सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं से धर्म और सन्मार्ग का रास्ता अपनाने का आह्वान किया। बता दें कि 6 फरवरी को क्षेत्र के गांव मनु नगर में 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ था। कथा का समापन रविवार को होगा। इसी दौरान कार्यक्रम में शामिल मातृशक्ति घाटगांव पहाड़पुर के ढोड़ा स्थित काशीनाथ घाट पर कलशों का विसर्जन करेंगी और विशाल यज्ञ का भी होगा।

# रुहेलखंड विश्वविद्यालय का लक्ष्य सिर्फ डिग्री नहीं, जॉब क्रिएटर तैयार करना है : कुलपति

- 51 वें स्थापना दिवस पर विश्वविद्यालय में प्री इंडस्ट्री-अकादमिक समिट का आयोजन
- कार्यक्रम में उद्योग और शिक्षा जगत के विशेषज्ञों ने साझा किए व्यावहारिक सुझाव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय में 51वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 'प्री इंडस्ट्री–अकादमिक समिट: थिंक टैंक डायलॉग-2026' का आयोजन हुआ। कार्यक्रम पीएम-उषा योजना के तहत हुआ, जिसका उद्देश्य उद्यमिता एवं स्टार्टअप इकोसिस्टम को सुदृढ़ करना और उद्योग व अकादमिक सहयोग को नई दिशा प्रदान करना था। समिट में उद्योग और शिक्षा जगत के विशेषज्ञों ने उद्यमिता, नवाचार, उद्योग-अकादमिक साझेदारी और स्टार्टअप सहयोग जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

मुख्य अतिथि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट बोर्ड के सचिव राजेश कुमार पाठक थे। उन्होंने उद्योग और शिक्षा जगत के बीच सेतु बनाने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं बल्कि विद्यार्थियों को जॉब-क्रिएटर बनाना है।

समिट का निर्देशन विभागाध्यक्ष प्रो. तुलिका सक्सेना ने किया, जबकि आयोजन का सफल नेतृत्व प्रो. यतेन्द्र कुमार और डॉ. विकास लांबा ने किया। कार्यक्रम में उद्यमी डॉ. घनश्याम खंडेलवाल, दिनेश गोयल, अनुराग माथुर, डॉ. आकाश तनेजा आदि ने भाग लिया। पैनल चर्चा और संवाद सत्र में विशेषज्ञों ने स्टार्टअप और उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने के व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत हुए। समापन अवसर पर आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों और हितधारकों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को जारी रखने का संकल्प दोहराया।



समिट में मौजूद कुलपति प्रो. केपी व अन्य। ● अमृत विचार

# 'ठेके पर मुशायरा' हंसते-हंसाते दिखायी उर्दू शायरी की दुर्दशा

विंडरमेयर थिएटर फेस्टिवल

- दिल्ली से आये साइक्लोरामा के कलाकारों ने खूब हंसाया
- इरशाद खान सिकंदर के नाटक को दिलीप गुप्ता ने किया निर्देशित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** विंडरमेयर थिएटर फेस्टिवल के छठवें दिन दिल्ली से आए साइक्लोरामा ग्रुप के कलाकारों ने दिवंगत शायर और नाटककार इरशाद खान सिकंदर का लिखा नाटक ''ठेके पर मुशायरा'' प्रस्तुत किया। इसके निर्देशक दिलीप गुप्ता हैं। यह नाटक मुशायरों के व्यावसायीकरण पर कटाक्ष करता है और उर्दू शायरी की मौजूदा स्थिति पर चिंतन भी। नाटक जताता है कि अब अच्छी शायरी की जगह गिरोहबंदी, तुकबंदी और चलताऊ गलेबाजी को बढ़ावा मिल रहा है।

उस्ताद शायर कमान लखनवी की माली हालत खस्ता है। महीनों से घर का किराया नहीं दे सके हैं। मालिक मकान ने निकाल फेंकने की धमकी दी है। राम भरोसे 'गालिब' नाम का सस्ता शायर सलाह देता है कि एक ओपन माइक से पैसों का जुगाड़ हो सकता है। ठेकेदार ''छांगुर'' के माध्यम से ओपन माइक की सेटिंग की जाती है। बेचारे उस्ताद न चाहते हुए भी ठेके पर मुशायरे में चले जाते हैं। वहां हालात ये हैं कि आयोजक बीच-बीच में आयोजन मंडली के सदस्य को कुत्ते से बचाने की अपील करता रहता है। कोई चोरी की गजल पढ़ रहा है तो कोई फूहड़ शायरी और तुकबंदी से काम चला रहा है। खैर, किसी तरह मुशायरा खत्म होता है मगर उस्ताद के हालात नहीं बदलते। असल में आयोजक पैसा दिए बिना ही गायब हो जाता है।

'ठेके पर मुशायरा' के किरदार हंसते-हंसाते दर्शकों को अचानक गंभीर चिंतन की तरफ ले चलते हैं। इन हालात में अच्छे शायरों पर क्या गुजरती है, यह भी इस नाटक में दिखाया गया है। शिवम पाठक ने अनुराग आहन, यशस्विनी बोस ने मैना सहगल, गौरव कुमार ने सफर अकमल व छांगुर ऑलराउंडर, आमिर खान ने बाग देहलवी, राज तंवर ने तेवर ख्यालपुरी, योगेश सोमी भट्ट ने उस्ताद कमन लखनवी, दिलीप कुमार ने रोमी डिसूजा व राम भरोसे गालिब के किरदार निभाए हैं। यशस्विनी बोस ने कॉस्ट्यूम, शिवम पाठक ने प्रॉप्स, राज तंवर ने सेट्स, नितिन शर्मा ने म्यूजिक ऑपरेशन, आलोक तुमुल ने लाइट डिजाइन और गौरव कुमार ने प्रोडक्शन मैनेजर की जिम्मेदारी निभाई हैं।


विंडरमेयर में नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

# खेलों में किया शानदार प्रदर्शन, जीते पदक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च में स्टूडेंट क्लब ''वर्व'' के सहयोग से बीटेक एवं नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के बीच टीमवर्क, अनुशासन, फिटनेस और खेल भावना को बढ़ावा देने को वार्षिक स्पोर्ट्स वीक का आयोजन किया गया।

स्पोर्ट्स वीक में क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम, खो-खो और कबड्डी सहित विभिन्न प्रकार के इंडोर और आउटडोर खेल आयोजित किए गए। छात्र-छात्राओं ने हर खेल में प्रतिस्पर्धात्मक भावना दिखाते हुए शानदार प्रदर्शन किया।

साथ ही 100 मीटर दौड़, लंबी छलाग, डिस्क थ्रो, जैवलिन थ्रो और शॉट पुट जैसी रोमांचक एथलेटिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जहां छात्रों ने पूरी मेहनत और समर्पण के साथ प्रतिस्पर्धा की। विभिन्न खेलों के प्रथम विजेता को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ट्रस्ट सलाहकार इंजीनियर सुभाष मेहरा ने वॉलीबाल मैच में टॉस करवाकर किया। प्रिंसिपल डॉ. मुथु माहेश्वरी, डॉ. शैलेश सक्सेना, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं शामिल रहीं।


वार्षिक स्पोर्टस् वीक के विजेता छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार